# पंकज जोशी की ताजपोशी के बाद जिले में एक और पॉवर सेंटर

## शुजालपुर में भाजपा को जिताने वाले को कब मिलेगा मौका, राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर जारी

**शाजापुर । प्रदेश की राजनीति में शाजापुर का नाम धूमकेतु की तरह चमक रहा है। पहले युवा मोर्चा अध्यक्ष शाजापुर से मिला उसके बाद अब पंकज जोशी को निगम मंडल में लिया गया। जिले में अभी तक विधायक सांसद और मंत्री पावर सेंटर के रूप में मौजूद थे लेकिन अब पंकज जोशी की ताजपोशी के बाद एक और पावर सेंटर बनेगा, इस संभावना से इंकार नहीं कर सकते ।वहीं दूसरी ओर शुजालपुर विधानसभा में भाजपा की जीत के शिल्पकार को कब भाजपा मौका देगी।**

गौरतलब है कि पंकज जोशी लंबे समय से सत्ता के पावर सेंटर से दूर थे, कालापीपल से वे दो बार टिकट के दावेदार थे, लेकन उन्हें टिकट नहीं मिला, लेकन अब उन्हें खादी ग्रामोद्योग का निगम अध्यक्ष बनाया गया है ।उनके अध्यक्ष बनने के बाद कई लोग जो निगम अध्यक्ष की बाट जोह रहे थे उनकी उम्मीद पर पानी फिरता नजर आ रहा है ।वहीं सबसे बड़ी बात यह है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में शुजालपुर से भाजपा को जिताने व कांग्रेस को हराने में जिसने मदद की उसका कर्ज भाजपा कब और कैसे उतारेगी ।बात हो रही है योगेंद्रसिंह बंटी बना की ।साल 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार का केंद्र बिंदु और भाजपा की जीत का आधार योगेंद्रसिंह रहे।

अब भाजपा उनका यह कर्ज कब और कैसे उतारेगी, इसकी चर्चा जिले की राजनीति में है, क्योंकि इंदरसिंह परमार की जीत में योगेंद्रसिंह की प्रमुख भूमिका रही थी, लोगों में कयास था कि योगेंद्रसिंह को निगम मंडल में लिया जाएगा, लेकिन पंकज जोशी की ताजपोशी के बाद अब जिले से किसी भी नेता को निगम मंडल में लिया जाएगा, इसकी संभावना ना के बराबर है, अब देखना यह है कि शुजालपुर से इंदरसिंह परमार को जिताने वाले योगेंद्रसिंह की मंत्री इंदरसिंह परमार किस पद पर ताजपोशी करा पाते हैं।

### क्या भाजपा उतार पाएगी कर्ज

साल 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार का प्रमुख कारण योगेंद्रसिंह के बागी तेवर रहे, क्योंकि 2023 में शुजालपुर से भाजपा की स्थिति उतनी मजबूत नहीं थी, लेकिन योगेंद्रसिंह के आने के बाद शुजालपुर से भाजपा मजबूत हुई और चुनाव जीती, हालांकि योगेंद्रसिंह कांग्रेस छोडकर भाजपा में शामिल हुए थे, उनके इस योगदान का कर्ज भाजपा अभी तक उतार नहीं पाई है। अब देखना यह है कि भाजपा योगेंद्रसिंह को पावर सेंटर में कैसे ला पाती है।

### भाजपा में कांग्रेस का दबदबा...

भले ही भाजपा व कांग्रेस एक दूसरी की प्रतिद्वंदी पार्टी है, लेकिन जिले की राजनीति में कांग्रेस छोड़कर जो लोग भाजपा में आए हैं उनका दबदबा कायम है ।जैसे सिंधिया गुट से क्षितिज भट्ट प्रदेश मंत्री बने तो जिला मंत्री के रूप में आशुतोष श्रीवास्तव की ताजपोशी हुई ।वहीं मक्सी नगर पंचायत में भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए उनका दबदबा है ।हाल ही में भाजपा ने जो मंडल प्रभारी की नियुक्ति की है उसमें भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए उन्हें प्रभारी बनाया गया है।

### जोशी की ताजपोशी के बाद सबके ताजिए ठंडे

शाजापुर जिले के कई भाजपा नेताओं को निगम में आने की उम्मीद थी, इसमें एक लिफाफा जीवी नेता भी निगम अध्यक्ष बनने का सपना संजोये बैठा था, हालांकि उसकी संभावना कम थी लेकिन उनके समर्थकों को उम्मीद थी, लेकिन पंकज जोशी की ताजपोशी के बाद अब शाजापुर जिले को दूसरा निगम अध्यक्ष मिलेगा इसकी संभावना ना के बराबर है, जोशी की ताजपोशी के बाद जो लोग निगम अध्यक्ष बनने के सपने देख रहे थे उनके ताजिए ठंडे हो गए हैं ।अब केवल जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष की कुर्सी बची है अब देखना है कि इस पर कब और किसकी ताजपोशी होती है। इधर कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए केदारसिंह मंडलोई भी भाजपा की राजनीति में अपना राजनीतिक पुर्नवास की खोज में है।

## एक नजर में

### हर्षोल्लास से मनाया भगवान नरसिंह का प्रकटोत्सव



**आगर मालवा ।** गत दिवस भगवान नरसिंह के प्रकट उत्सव जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। छावनी स्थित नरसिंह मंदिर में भगवान नरसिंह का आकर्षक श्रृंगार करने के बाद शाम को महा आरती व महाप्रसादी का आयोजन किया गया। महाआरती के दौरान फव्वारा चलाकर भगवान नरसिंह के क्रोध को शांत किया गया। दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक जन्म पत्रिका निशुल्क विश्लेषण डॉ। दीपक कुमार कसेरा के द्वारा किया गया। महाआरती पंडित लेखांत तिवारी द्वारा की गई। आरती में शामिल बृजेश तिवारी, राधेश्याम उपाध्याय, राजेश देसाई, नाना जैन, देवेंद्र तिवारी, देवेंद्र पालीवाल, अभिषेक उपाध्याय, यश तिवारी, संजय तिवारी एवं माताएं बहने बड़ी संख्या में मौजूद रही।

### मेहबूब मोहम्मद बने नगरीय निकाय प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष



**शुजालपुर ।** मध्यप्रदेश कांग्रेस संगठन में नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के तहत नई नियुक्ति की गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष निशांक जैन ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व पार्षद हाजी मेहबूब मोहम्मद को प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। हाजी मेहबूब मोहम्मद की नियुक्ति पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रशिक्षण प्रभारी महेन्द्र जोशी, प्रदेश महासचिव रामवीर सिंह सिकरवार, जिला अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह, प्रदेश सचिव गजेन्द्र सिसोदिया सहित अन्य नेताओं ने उन्हें बधाई देते हुए संगठन को और सशक्त बनाने की अपेक्षा जताई। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि हाजी मेहबूब मोहम्मद के अनुभव और सक्रियता से संगठन को मजबूती मिलेगी तथा नगरीय निकाय स्तर पर पार्टी की गतिविधियों को नया विस्तार मिलेगा।

### शुजालपुर के रजत सोनानिया बने स्टेट कोऑर्डिनेटर



**शुजालपुर।** क्षेत्र के युवा प्रतिभाशाली रजत सोनानिया को जवाहर बाल मंच की मध्य प्रदेश राज्य समन्वय समिति में स्टेट कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष की स्वीकृति के बाद तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। रजत सोनानिया की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। संगठन ने उनकी सक्रियता, मेहनत और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। स्थानीय नागरिकों, मित्रों एवं परिजनों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही उम्मीद जताई है कि वे अपने दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए युवाओं के बीच सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेंगे और सामाजिक गतिविधियों में नई दिशा प्रदान करेंगे।

### अभाविप ने परीक्षा परिणाम में लगाया गड़बड़ी का आरोप



**शाजापुर ।** हाल ही में जारी हुए एलएलबी के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें एक ही विषय में कई विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुए। यही स्थिति अन्य विषयों में भी देखी गई। इस पर अभाविप कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कुलसचिव के नाम ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की है। साथ ही आंदोलन की भी चेतावनी दी है। अभाविप के नगर मंत्री पवन गुर्जर के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि हाल ही में घोषित एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के अपकृत्य विधि विषय के परीक्षा परिणाम में कई विसंगतियां सामने आई है। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को इस विषय में अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है। परिषद का यह भी कहना है कि केवल इसी विषय में नहीं बल्कि अन्य विषयों के परिणामों में भी लगातार गड़बड़ियां देखने को मिल रही हैं। ज्ञापन के माध्यम से परिषद ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के अपकृत्य विधि विषय के परिणामों की पुन: जांच की जाए। साथ ही सभी त्रुटियों को शीघ्र सुधारा जाए, एबीवीपी ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं किया गयाए तो वे आंदोलन करेंगे।

## तीन दिन से बिना मुंडेर के कुएं में फंसी गाय को गौरक्षा सेना ने निकाला

**शाजापुर, 2 मई ।** जिले के ग्राम कांजा और बरवाल के बीच एक खेत में बिना मुंडेर के कुएं में गिरी गाय को गोरक्षा सेना के सदस्यों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया, यह घटना कांजा गांव के पास की है, खास बात यह थी कि गाय के फंसे होने की जानकारी कुंआ मालिक को थीए लेकिन उसने ध्यान नहीं दिया। जानकारी के मुताबिक आसिफनाम के शख्स के खेत में बने इस कुएं में गाय पिछले तीन दिनों से फंसी हुई थी, कुएं के मालिक को इस बारे में पहले ही पता चल गया था, लेकिन उनकी तरफसे गाय को निकालने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। शुक्रवार शाम को ग्रामीणों ने इसकी खबर गोरक्षा सेना को दी, टीम जब मौके पर पहुंची तो देखा कि कुएं में पानी भरा था और वहां एक जहरीला सांप भी घूम रहा था। इससे बचाव का काम काफी खतरनाक और चुनौतीपूर्ण हो गया था। लेकिन गौरक्षा सेना ने गाय के प्राण बचाने को प्राथमिकता दी और सांप और गहरे पानी के खतरे के बावजूद करीब एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद रस्सी और ट्रैक्टर की मदद से गाय को सही सलामत कुएं से बाहर निकाल लिया गया। इसके बाद टीम ने कुएं के मालिक को जानकारी दी और उनसे कुएं को ढकने के लिए कहा ताकि आगे से कोई और जानवर या इंसान इसमें न गिरे। इस अभियान में गोरक्षा सेना की बरवाल और शाजापुर टीम के साथ बड़ी संख्या में गांव वाले भी मौजूद रहे।

# कविता पाठ, गायन सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुतियां

## शाजापुर में मनाया लाडली लक्ष्मी उत्सव, 40 बालिकाओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर दी बधाइयां

**शाजापुर। शासन से प्राप्त निर्देश अनुसार कलेक्टर ऋजु बाफना के मार्गदर्शन में महिला बाल विकास विभाग द्वारा स्थानीय गांधी हाल शाजापुर में लाडली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन विधायक शाजापुर अरुण भीमावद, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया, आशीष नागर, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष नवीन वर्मा एवं कक्षा 12 में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में नवा स्थान प्राप्त करने वाली बालिका कुमारी रानी जैन के आतिथ्य में संपन्न हुआ।**




कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन एवं कन्या पूजन कर किया गया। विधायक अरुण भीमावद ने संबोधित करते हुए कहा कि लाडली लक्ष्मी योजना बालिकाओं की साक्षरता एवं सशक्तिकरण की दिशा में प्रदेश की महत्वपूर्ण योजना है। विधायक भीमावद द्वारा उपस्थित लाडली बालिकाओं एवं उनके परिजनों से योजना के बारे में चर्चा भी की गई एवं योजना से प्राप्त लाभों की जानकारी ली साथ ही लाडली उत्सव में सम्मानित की गई। बालिकाओं को शुभकामनाएं दी। विधायक भीमावद ने लाडली उत्सव में सम्मानित की गई 40 बालिकाओं को विधायक निधि से 2500-2500 रुपये की प्रोत्साहित राशि देने की घोषणा भी की।

जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया ने संबोधित करते हुए कहा कि लाडली लक्ष्मी योजना के माध्यम से प्रदेश सरकार द्वारा लाडली बालिकाओं को साक्षर बनाने एवं सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे लाभों की जानकारी दी। इस दौरान आशीष नागर एवं बाल कल्याण समिति अध्यक्ष वर्मा द्वारा भी संबोधित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी ने लाडली लक्ष्मी उत्सव के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लाडली उत्सव में उपस्थित बालिकाओं को कैरियर काउंसलिंग, लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस, स्वास्थ्य परीक्षण एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं तथा डाकघर द्वारा चलाई जा रही योजनाओं आदि की जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, परिवहन विभाग, पॉलिटेक्नीक कॉलेज, बैंक ऑफ इंडिया, आई टी आई एवं डाकघर द्वारा स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा बाल विवाह रोकथाम पर आधारित नाटय प्रस्तुत किया गया एवं बालिकाओं द्वारा कविता पाठ, गायन, नृत्य आदि प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में प्रदेश की प्रवीण्य सूची एवं जिले की प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका की बालिकाओं को जिन्होंने खेल, प्रतियोगिता परीक्षा, शिक्षा आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली 40 बालिकाओं को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र शिल्ड भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा लाडली वाटिका में एक पेड़ लाडली लक्ष्मी के नामष् वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर प्रशासक श्रीमती नेहा जायसवाल, जिला शाजापुर परियोजना अधिकारी ललित राठौर, बड़ी संख्या में लाडली बालिकाएं, उनके परिजन एवं अन्य विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन लाडली बालिका कुमारी हर्षिता राठौर एवं कुमारी चारवी जोशी ने किया एवं आभार परियोजना अधिकारी शाजापुर नेहा चौहान ने माना।



### अज्ञात वाहन ने मारी बाइक को टक्कर

**शाजापुर, 2 मई.** शनिवार को हाट बाजार से खरीदी कर अपने गांव जा रहे पिता पुत्र की बाइक को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी, इस हादसे में दोनों घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. ग्राम बकानी निवासी रामनारायण और लच्छीराम एक ही बाइक पर सवार होकर मक्सी के हाट बाजार से अपना काम निपटाकर अपने गांव लौट रहे थे, इसी दौरान नैनावद घाटी के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया. हादसे में पिता रामनारायण को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि पुत्र लच्छीराम को भी हाथ पैर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें लगी हैं. घटना के बाद दोनों घायलों को एंबुलेंस 1033 की मदद से शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया गया.

# पौधारोपण कर आत्मनिर्भरता की ली शपथ

## बालिकाओं को किया सम्मानित, आगर-मालवा में भी तख्तियों पर स्लोगन लिख शामिल हुईं बालिकाएं

**आगर मालवा । जिला पंचायत स्थित एनआरएलएम भवन में शुक्रवार को जिला स्तरीय लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आभा चोपड़ा एवं मीना स्वर्णकार उपस्थित रहीं।**



कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी लाड़ली लक्ष्मी योजना के उद्देश्य, लक्ष्य एवं कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, साथ ही जिले में पंजीकृत लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं के सम्मान में जिला एवं पंचायत स्तर पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम की विशेष आकर्षण यह रहा कि मंच संचालन स्वयं लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं द्वारा किया गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली बालिकाओं को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा बालिकाओं को वृक्षारोपण, उच्च शिक्षा एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी हेतु शपथ दिलाई गई। बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक लाड़ली लक्ष्मी योजना से संबंधित स्लोगन लिखी तख्तियों के माध्यम से अपनी सहभागिता दर्ज कराई। साथ ही अतिथियों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया, कार्यक्रम के अंत में परियोजना अधिकारी मनीषा चौबे द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर समस्त पर्यवेक्षकगण एवं बड़ी संख्या में लाड़ली लक्ष्मी बालिकाएं उपस्थित रही।

# नागरिकों ने सहभागिता करते हुए किया सामूहिक योगाभ्यास



**शाजापुर । मध्यप्रदेश शासन आयुष विभाग के आदेशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 50 दिवसीय काउंटडाउन कार्यक्रम की शुरूआत नगरपालिका परिसर शाजापुर में एवं आयुष विभाग के अंतर्गत जिले के समस्त आयुष औषधालयों में उत्साहपूर्वक की गई।**

जिला आयुष अधिकारी डॉ. गिर्राज बाथम ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य सामान्य योग अभ्यास कम के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ना है। कार्यक्रम में आयुष विभाग के अधिकरी एवं कर्मचारी व गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया, कार्यक्रम में लगभग 65-70 की संख्या में योग साधक सम्मिलित हुए। नोडल अधिकारी डॉ ।सीमा बड़िया ने योग के व्यापक महत्व को रेखाकिंत करते हुए नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में योग से जुड़ने एवं दूसरों को भी प्रेरित करने का आग्रह किया। सहायक नोडल अधिकारी डॉ ।रायसिंह ने योग एवं आयुर्वेद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास से स्वस्थ्य व्यक्ति रोगों से सुरक्षित रह सकता है।

## एक नजर में

### संस्कार शिविर में बच्चों को मिली धर्मयुक्त जानकारियां, कल तक लगेगा तीन दिवसीय धार्मिक एवं संस्कारिक शिविर

# जैन आराधना भवन में लगी धर्म संस्कारों की पाठशाला

**शाजापुर। अरिहंत भगवान कौन हैं, सिद्ध भगवंत कौन हैं, जमीकंद और होटल में भोजन क्यों नहीं करना चाहिए, रात्रि भोजन का त्याग किसलिए किया जाता है, नवकार महामंत्र की क्या महिमा है, जैसी और भी अनेक धर्मयुक्त जानकारियां जिनकी शास्त्रयुक्त व्याख्या से जब नन्हे-मुन्ने बच्चे रूबरू हुए तो उनके बालमन की जिज्ञासाओं का स्वतरू समाधान हो गया।**




अवसर था, स्थानीय ओसवाल सेरी स्थित जैन उपाश्रय में आयोजित तीन दिवसीय संस्कार एवं धार्मिक शिविर का। जिसमें उपस्थित जैन समाज के बच्चों को जिन शासन की महिमा के साथ मंदिर स्थानक के धार्मिक संस्कारों से जोड़ने का प्रयत्न किया गया। श्री महावीर जैन पाठशाला द्वारा नगर की सुश्राविका श्रीमती मृगावती बहन बुरड़ के विशेष मार्गदर्शन में दिनांक 2 से 4 मई तक लगने वाले उक्त तीन दिवसीय धार्मिक एवं संस्कारिक शिविर में बच्चों को धार्मिक एवं संस्कारिक शिक्षा सहित जगत पूजित जिन शासन की महिमा की संपूर्ण जानकारी दी जा रही है। साथ ही बच्चों के लिए अनेक आकर्षक गतिविधियां एवं गेम्स भी आयोजित हो रहे हैं, ताकि बच्चे खुशी खुशी धर्म संस्कारों को ग्रहण कर सके।

**प्रभावी रहा शिविर का प्रथम दिवस**

मीडिया प्रभारी मंगल नाहर ने बताया कि समाज की महिला मंडल सदस्यों श्रीमती ज्योति जैन, हेमा जैन, विनीता जैन, रीना धारीवाल, अंकिता जैन, श्रीमती बिंदू जैन एवं श्रीमती रजनी जैन के माध्यम से संचालित उक्त शिविर के प्रथम दिवस शिविर का शुभारंभ महामंत्र नवकार से हुआ। इसके पश्चात सौरभ नारेलिया ने हमारे अरिहंत भगवान के संबंध में, पंकज मांडलिक ने सिद्ध भगवंत के संबंध में, डा. पराग जैन ने रात्रि भोजन, जमींकंद के त्याग और नियमित योग व्यायाम के संबंध में बच्चों को उपयोगी जानकारियां प्रदान की, शिविर की प्रभावना के लाभार्थी लोकेश जैन, मितांशु जैन शक्कर वाला परिवार रहे, इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

### कुमारिया गेट के समीप असंतुलित होकर पलटा ऑटो रिक्शा

**मोहन बड़ोदिया।** बीती रात करीब 1 बजे परसूला में शादी समारोह से लौट रहा ऑटो कुमारिया गेट के समीप असंतुलित होकर पलट गया। ऑटो में करीब 8 से 10 सवारी बैठी हुई थी, इस घटना में दो महिला और एक पुरुष को गंभीर चोट आई है। जिन्हें 112 से पायलेट राजपाल सिंह और थाने के स्टाफ से शिवचरण दांगी और विजय गवली की मदद से मोहन बड़ोदिया सीएचसी लाया गया। जहां तीनों घायलों में दो महिला और एक पुरुष शामिल हैं, जिनका प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल शाजापुर रैफर कर दिया गया। वही ऑटो में सवार अन्य यात्री को मामूली चोट आई है, बताया जा रहा ऑटो परसूला में शादी समारोह से लौट रहा था और तलेन जा रहा था तभी मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र के कुमारिया गेट के समीप असंतुलित होकर पलट गया।